<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–23 जनवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कम्प्लायंस रिडक्शन और डी–रेगुलेशन फेज टू के तहत किए जा रहे सुधारों को लेकर की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक। कहा–नागरिकों और उद्यमियों को भरोसे पर आधारित, पारदर्शी और समयबद्ध प्रशासन उपलब्ध कराना है सरकार का लक्ष्य।
- मुख्यमंत्री ने मेरठ में निर्माणाधीन मेजर ध्यानचंद राज्य खेल विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण । कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की खेल संस्कृति को दी है नई दिशा।
- दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक में प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि मंडल ने प्रस्तुत की मजबूत दावेदारी। वेस्ट टू एनर्जी और स्टील परियोजना के लिये किये बारह हजार करोड़ रुपये के करार।
- माघ मेले में बसंत पंचमी के चौथे स्नान पर्व पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़। पवित्र मुहूर्त से घाटों पर स्नान जारी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल प्रदेश में कम्प्लायंस रिडक्शन और डी–रेगुलेशन फेज–टू के तहत किए जा रहे सुधारों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन का लक्ष्य नागरिकों और उद्यमियों को अनावश्यक प्रक्रियाओं, अनुमतियों और निरीक्षणों से राहत देकर भरोसे पर आधारित, पारदर्शी तथा समयबद्ध प्रशासन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने कम्प्लायंस रिफॉर्म्स के पहले फेज में देश में एक मजबूत पहचान बनाई है और अब फेज–टू के माध्यम से इन सुधारों को स्थायी और संस्थागत रूप दिया जाना है। डी–रेगुलेशन का अर्थ नियंत्रण समाप्त करना नहीं, बल्कि अनावश्यक नियंत्रण हटाकर आवश्यक नियमों को सरल और पारदर्शी बनाना है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मेरठ के सलावा स्थित प्रदेश के पहले मेजर ध्यानचंद राज्य खेल विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इकत्तीस मई दो हजार छब्बीस तक विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र शुरू करना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में देश में खेलों को लेकर एक नई संस्कृति विकसित हुई है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट और सांसद खेल प्रतियोगिताओं ने खेलों को नई दिशा दी है।

**खेलो इंडिया खेलो फिट इंडिया मूवमेंट सांसद खेलकूद प्रतियोगिता ने जहां एक नई खेल संस्कृति को जन्म दिया है। वहीं आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से प्रदेश सरकार ने भी हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान हो ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम जनपद स्तर पर एक स्टेडियम का निर्माण विधायक खेलकूद प्रतियोगिता और ग्रामीण लीग की प्रतियोगिताओं के माध्यम से इस खेल संस्कृति को एक नई ऊंचाई प्रदान करने का प्रयास किया है।**

इससे पहले मुख्यमंत्री ने हरियाणा के मुरथल स्थित नागेवाला धाम में मूर्ति प्राण–प्रतिष्ठा समारोह में भी हिस्सा लिया।

**********

यूपी दिवस के अवसर पर कल प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह लखनऊ में 'उत्तर प्रदेश दिवस' समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। एक रिपोर्ट–

**केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह लखनऊ में यूपी दिवस के अवसर पर सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना का भी शुभारंभ करेंगे। साथ ही प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों को पुरस्कार देंगे। श्री शाह कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान दो 2025–26 का वितरण भी करेंगे। लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह मंत्री 'एक जनपद–एक व्यंजन' योजना की शुरुआत करेंगे। इस योजना के तहत प्रत्येक जिले के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजन को चिह्नित कर उन्हें गुणवत्ता, ब्रांडिंग और बाजार से जोड़ा जाएगा, ताकि स्थानीय स्वाद की केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान बन सके। समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।**

निपुण भारत मिशन के तहत प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में यूपी दिवस के अवसर पर 'शिक्षा चौपाल' का आयोजन किया जाएगा। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**शिक्षा चौपाल का उद्देश्य अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समितियों, शिक्षकों और स्थानीय जनसमुदाय को निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों से जोड़ना है। साथ ही बच्चों की भाषायी और गणितीय दक्षताओं को सुदृढ़ करना है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर आयोजन के निर्देश दिए हैं। आयोजन में शिक्षा चौपाल के माध्यम से बाल वाटिका के प्रभावी संचालन, बच्चों के नामांकन और नियमित उपस्थिति और शिक्षा के दीर्घकालिक महत्व पर विशेष जोर दिया जाएगा। शिक्षा चौपाल के आयोजन के लिए दस हजार रुपए प्रति न्याय पंचायत की दर से धनराशि स्वीकृत की गई है। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

**********

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के नेतृत्व में राज्य सरकार का प्रतिनिधिमंडल दावोस में चल रही विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में हिस्सा ले रहा है। इस प्रतिनिधिमंडल ने स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में सेल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ लगभग आठ हजार करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। वहीं राज्य के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और एआई इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए सिफी टेक्नोलॉजीज के साथ एक हजार छः सौ करोड़ रुपए के निवेश के लिए करार किया । कृषि अवशेष से संबंधित वेस्ट–टू–एनर्जी परियोजनाओं के लिए भी करीब आठ हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव और स्टील परियोजना के लिये चार हजार करोड़ रुपये के करार किये गये । प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि एक प्रगतिशील राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश निवेशकों को एक सुरक्षित और सुगम वातावरण प्रदान कर रहा है।

**उत्तर प्रदेश एक प्रोग्रेसिव स्टेट के रूप में उभरा है और यहां पर सबसे अच्छा क्योंकि लैंड बैंक भी हमारे पास है, पॉलिसीज भी हमारे पास है और इंसेंटिव्स भी सब बड़े पैमाने पर इंसेंटिव्स दे रहे हैं। हम जो लोगों को इंडस्ट्री में इंसेंटिव दे रहे हैं इसलिए आज उत्तर प्रदेश में लोग आकर्षित हो रहे हैं और सबसे बड़ी बात तो यह है कि लाइन डाटा की वजह से लोग ज्यादा आकर्षित होते हैं कि हमें सबसे सेफ मालूम होता है।**

**********

आज बसंत पंचमी मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रयागराज के माघ मेले में चौथे स्नान पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र मुहुर्त से ही घाटों पर स्नान कर रहे हैं। बसंत पंचमी पर प्रयागराज में स्नान के साथ–साथ मां सरस्वती की पूजा और दान का विशेष महत्व है। हमारे प्रयागराज प्रतिनिधि ने बताया कि बसंत पंचमी स्नान के दौरान वहां पहुंचे श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बसंत पंचमी पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

**********

इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में सूचना और प्रसारण मंत्रालय की झांकी, भारत की समृद्ध कहानी कहने की परंपराओं और वेव्स की परिकल्पना को प्रदर्शित करेगी। एक रिपोर्ट–

**श्रुति भारत की समृद्ध मौखिक परंपरा का प्रतीक है। इसमें पीपल के पेड़ के नीचे गुरुद्वारा शिष्यों को ज्ञान देते हुए दिखाया गया है। साथ ही ओम की दिव्य ध्वनि और ज्ञान की उत्पत्ति को दर्शाने वाली ध्वनि तरंग के प्रतीक भी शामिल है। कृति, लिखित परंपरा के विकास को दर्शाती है। इसमें भगवान गणेश द्वारा महाभारत लिखते हुए दिखाया गया है। साथ ही पांडुलिपियां, प्रदर्शन कलाएं और प्रारंभिक संचार परंपराएं दिखाई गई है। जिन्होंने भारत की बौद्धिक विरासत को आकार दिया। दृष्टि भारत में मीडिया के विकास को दर्शाती है जिसमें प्रिंट, सिनेमा, टेलीविजन और डिजिटल माध्यम शामिल है। पुराने कैमरे, फिल्म, रियल उपग्रह, समाचार–पत्र और बॉक्स ऑफिस के प्रतीक उन कलाकारों और फिल्मकारों को सम्मान देते हैं जिन्होंने भारत की सांस्कृतिक पहचान बनाई। यह झांकी भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को उसके डिजिटल भविष्य से जोड़ती हुई अतीत से वर्तमान तक की सांस्कृतिक यात्रा और भविष्य की सोच को एक साथ प्रस्तुत करती है। अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

आज नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती है। इस अवसर पर प्रदेश भर में ब्लैक आउट मॉकड्रिल की जाएगी। इसके तहत आज शाम छः बजे सभी जिलों में बिजली कट जाएगी और हवाई हमले की चेतावनी वाले सायरन बजेंगे। यह मॉकड्रिल हवाई हमले से बचाव और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के लिए की जाएगी। इस दौरान प्रदेशभर के अधिकारियों को मॉकड्रिल की तैयारियों के लिए निर्देश दिए गए हैं।

**********

भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय लखनऊ द्वारा कल प्रयागराज में वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विकसित भारत जी राम जी कानून और केंद्र सरकार की जन कल्याण की नीतियों और कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर गिरीश चंद्र त्रिपाठी और प्रदेश के पत्र सूचना कार्यालय और केंद्रीय संचार ब्यूरो के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल सहित अन्य विशेषज्ञों ने संबोधित किया ।

**********